संजौली कॉलेज में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच धूमधाम से मनाया सीएससीए उत्सव

आज दिनांक 15 मार्च 2019 को राजधानी शिमला के उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में केंद्रीय छात्र संघ द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। दिनभर चले इस उत्सव में महाविद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं ने एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों की इंद्रधनुषी छटा बिखेरकर विद्यार्थियों व अध्यापकों आदि से खचाखच भरे स्थानीय सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी बी मेहता ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए होनहार व अनुशासित विद्यार्थियों और सुशिक्षित एवं समर्पित अध्यापकों वाले महाविद्यालय परिवार के मुखिया होने पर गौरव की अनुभति व्यक्त की। कार्यक्रम में जहां एक ओर निशांत और प्रेमी जैसे हास्य कवियों ने दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया वहीं प्रज्ञा, दितिका, उत्कर्ष, कुशाल जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के लिए खूब वाहवाही लूटी। मुख्य आकर्षण के रूप में प्रस्तुत नाटक 'अशोक' ने महाविद्यालय की उत्कृष्ट अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया, जिसमें रजत, रोहित, सुरभि, प्रियंका, हर्षित, जतिन, आरव आदि कलाकारों ने भाग लिया। वहीं रुचिका, साक्षी, मिथुन और उनकी टीम ने शानदार पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में रमा, निखिल, अभिषेक, महिमा, अंजलि और उनके पूरे दल ने हिमाचल के मनमोहक गीतों से लबरेज़ शानदार पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की जिसके साथ ही सभी छात्रों व अध्यापकों सहित पूरा सभागार ही खुद को झूमने से नहीं रोक पाया, जो भी जहां था, बस नाच रहा था। इससे पहले सीएससीए की उपाध्यक्ष सुनिधि ने मेहमानों का स्वागत किया, जबकि सचिव आदित्य मेहता ने उपलब्धियों से भरी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में अध्यक्षा नैन्सी पॉल ने सभी मेहमानों व छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन दीक्षा ने किया। उत्सव के पश्चात सभी लोगों ने दावत का भी आनंद लिया।